Wildlife Crime Control Bureau
वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो

GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार
MINISTRY OF ENVIRONMENT
FORESTS AND CLIMATE CHANGE
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

# विज्ञापन संख्या - 01/2021

वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, जिसकी स्थापना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 38 (वाई) के अंतर्गत की गयी है और जिसका उद्देश्य वन्यजीव से संबंधित सुनियोजित वन्यजीव अपराध की रोकथाम करना है, प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्न पद के लिए नियुक्ति करना चाहता है :-

**1. सहायक निदेशक**

(i) **पद की संख्या** : एक

(ii) वर्गीकरण : सामान्य केंद्रीय सेवा, "समूह – अ" राजपत्रित, अननुसचिवीय

(iii) वेतनश्रृंखला : PB-3 (15600-39100)+ (5400 ग्रेड वेतन)

(iv) नियुक्ति की विधि : प्रतिनियुक्ति

(क) चयन के क्षेत्र : केंद्र सरकार /राज्य सरकार /संघ राज्य क्षेत्रों के अधीन कार्यरत ऐसे अधिकारी :-

(i) जो मूल काडर या विभाग में सदृश पद पर नियमित रूप से कार्यरत हों , अथवा

(ii) जो मूल काडर या विभाग में नियुक्ति के उपरान्त 2 वर्षों की सेवा वेतन बैंड-2, 9300-34800 रु०+ ग्रेड वेतन 4800 रु० वेतनमान पर नियमित रूप से कर चुके हों, अथवा

(iii) जो मूल काडर या विभाग में नियुक्ति के उपरान्त 3 वर्षों की सेवा वेतन बैंड-2, 9300-34800 रु०+ ग्रेड वेतन 4600 रु० वेतनमान पर नियमित रूप से कर चुके हों, और

(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता व अनुभव रखते हों :-

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री।

(ii) आसूचना या प्रवर्तन या अन्वेषण में तीन वर्ष का अनुभव।

(ii) प्रतिनियुक्ति की अधिकतम अवधि साधारणत: 3 वर्षों की होगी। अधिकतम अवधि केंद्र सरकार के किसी भी कार्यालय अथवा किसी भी संस्था में इस पद पर प्रतिनियुक्ति के पूर्व दी गयी सेवा अवधि को मिलाकर मान्य होगी।

प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त होने वाले अधिकारी की अधिकतम आयु-सीमा आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि को 56 वर्ष होनी चाहिए।

कार्यस्थल : दिल्ली।

आवेदन पत्रो के लिए आवेदक wccb.gov.in बेवसाइट में दिए गए रिक्तियॉ विज्ञप्ति को देखे । आवेदन के लिए निर्धारित पपत्र जो आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो, उसके साथ विगत पांच वर्षों की वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट जो हर पृष्ठ पर प्रमाणित किया गया हो, सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र , सत्यनिष्ठा / ईमानदारी प्रमाणपत्र एवं पिछले पिछले दस साल के लिए दिए गए लघु/ गुरु दंड की प्रमाणपत्र के साथ भेजना होगा ।

आवेदन जिसमे उम्मीदवारों द्वारा दावा किए गए योग्यता और अनुभव के समर्थन में प्रमाण पत्र / दस्तावेज संलग्नित नहीं होंगे, को चयन हेतु उम्मीदवार की पात्रता तय करने की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा ।

(क) आवेदन निर्धारित प्रपत्र पर उचित रूप से पूर्ण,प्रत्याशी द्वारा हस्ताक्षरित, नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित।

(ख) गत पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट अथवा समकक्ष दस्तावेज की सत्यापित प्रतियाँ, जिनके प्रत्येक पृष्ठ मोहर सहित सत्यापित हो।

(ग) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया कैडर किलियरेन्स प्रमाण पत्र के मूलप्रति ।

(घ) पिछले दस वर्ष के लिए गुरु/ लघुदंड प्रमाण पत्र के मूलप्रति जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

(ङ) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया सत्यनिष्ठा/ईमानदारी प्रमाण पत्र के मूलप्रति ।

निधार्रित प्रारूप में सभी तरह से पूर्ण आवेदन – पत्र इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशन के 90 दिनों की अवधि के भीतर इस कार्यालय को निम्न पते पर भिजवाना सुनिश्चित करें :-

अतिरिक्त निदेशक
वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो
त्रिकुट -1, भीकाजीकामा प्लेस ,
नई दिल्ली -110066